## खबर संक्षेप

### रजनी सिंह को एचडी की उपाधि



**सतना।** रजनी सिंह ने अर्थशास्त्र विषय में अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय से पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है। रजनी सिंह ने अपना शोधकर डॉक्टर डीपी तिवारी प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय रामपुर बघेलान के निर्देशन में पूर्ण किया यह शोध मध्य प्रदेश के सतना जिले के संचालित स्वर्ण जयंती रोजगार योजना के अंतर्गत महिला स्व सहायता समूह विश्लेषण पर आधारित है। रजनी सिंह ने अपने उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता एवं अपने गुरुजनों को दिया,अपनी सफलता पर डॉक्टर एके पांडे प्राचार्य शासकीय इंदिरा कन्या महाविद्यालय,डॉक्टर के एल मौर्य,डॉक्टर विमल कुमार पांडे,इंजीनियर महेश्वर दत्त पांडे,डॉक्टर विधान शुक्ला,रविता सिंह,प्रीती खरे,खुशबू त्रिपाठी एवं समस्त ईस्ट मित्रो ने बढ़ाई दी। रजनी सिंह वर्तमान में चंद्रशेखर शिक्षा महाविद्यालय में सहायक प्राध्यापक के पद पर कार्यरत हैं।

### अभ्यर्थिता से नाम वापसी का आखिरी दिन आज

**सतना।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में संसदीय क्षेत्र-9 सतना में अभ्यर्थितों से नाम वापसी के लिये नामांकन पत्र 8 अप्रैल को अपरान्ह 3 बजे तक वापस लिए जा सकते हैं। निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार नाम वापसी की समय-सीमा पूरी होने के बाद चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की अंतिम सूची जारी की जाएगी। अपरान्ह 3 बजे के बाद रिटर्निंग आफीसर द्वारा 8 अप्रैल को ही उम्मीदवारों को चुनाव प्रतीक आवंटित किए जाएंगे। सतना संसदीय क्षेत्र में नामांकन पत्र भरने का क्रम 28 मार्च से शुरू हुआ। नामांकन पत्र 4 अप्रैल तक दाखिल किए गए। इस अवधि में 22 उम्मीदवारों द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किए गए। संवीक्षा के दौरान 20 उम्मीदवारों के नामांकन पत्र विधि-मान्य पाए गए। 2 नामांकन पत्र अविधि-मान्य होने पर निरस्त किए गए।

### युवक से 4.50 लाख रूपए किये जब्त, जांच के बाद लौटाया

**बरही।** थाना प्रभारी शैलेन्द्र सिंह यादव के नेतृत्व में बरही पुलिस के व्दारा आदर्श आचार संहिता के दौरान साढ़े चार लाश कैश जप्त की कार्यवाही की गई। थाना प्रभारी ने बताया कि एसपी द्वारा सभी थाना प्रभारियो को निर्देशित किया गया है कि आचार संहिता के नियमो का कडाई से पालन कराया जाना एवं आवागमन के माध्यम से रुपये पैसो बडी मात्रा में एवं चुनाव प्रचार को प्रभावित करने वाली वस्तुओ का परिवहन होने पर कार्यवाही की जाये। गत दिवस बरही थाने के सामने सरप्राईज वाहन चैंकिग के दौरान मोटर सायकिल क्रमांक एम.पी. 50 जेड.सी. 4855 का रोककर चैक किया गया तो उसके पास एक बैग में रुपये भरे मिले जिसे निकालकर चैक किया गया तो कुल 450000/ रुपये थे जिसके संबंध में पूछतांछ करने पर व्यक्ति ने अपना नाम नीरज पिता सुरेन्द्र कुमार 30 साल निवासी बरही का होना बताया एवं घर से ट्रेक्टर खरीदने हेतु बरही से कटनी ले जाना बताया। उक्त पैसो के संबंध में पूंछने पर वैध दस्तावेज पेश करने पर उक्त रुपये जप्त कर मौके पर ही सुपुर्द किये गये। कार्यवाही में थाना प्रभारी शैलेन्द्र सिंह यादव , उप निरी. शैलेन्द्र सिंह सेंगर , उप निरी. विनोद कांत सिंह , आर. अवधेश प्रताप सिंह , आर. जगत सिंह आर. विवेक श्रीवास्तव , वाहन चालक संजय पांडे, की मुख्य भूमिका रही।

### झिंझरी चौकी में डायल 100 बाइक की सौगात

**कटनी।** झिंझरी चौकी क्षेत्र में संचालित अवैध गतिविधियों एवं आपराधिक तत्वों पर निगाह रखने तथा पेट्रोलिंग के लिए उत्पन्न हो रही समस्या को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन ने चौकी को डायल 100 बाइक की सौगात दी है। चौकी प्रभारी महेंद्र जायसवाल ने बताया कि चौकी क्षेत्र में डायल 100 वाहन न होने के कारण पेट्रोलिंग में असुविधा का सामना करना पड़ता था।

# मैहर मेला में कल से उमड़ेगा आस्था का सैलाब

**चैत्र नवरात्रि का शुभारंभ 9 अप्रैल मंगलवार को हो रहा है। बैठकी के दिन 9 अप्रैल से 17 अप्रैल तक नवरात्रि की धूम रहेगी। इस अवसर पर मैहर में आयोजित होने वाले नवरात्रि मेले की सभी तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं।**



सतना।

कलेक्टर रानी बाटड द्वारा मेला के दौरान सुबह 4 बजे से रात 11 बजे तक शहर में भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया है, 8 अप्रैल से 18 अप्रैल तक यह प्रतिबंध लागू रहेगा। ज्ञातव्य है कि चैत्र नवरात्रि मेला में मैहर की मां शारदा के दर्शन,पूजा,अर्चना हेतु प्रतिदिन लगभग डेढ़ दो लाख श्रद्धालु देश के कोने-कोने से मैहर पहुंचते हैं। नवरात्रि मेले में श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुगमता पूर्वक दर्शन उपलब्ध कराने प्रशासन एवं पुलिस विभाग द्वारा चाक चौबंद इंतजाम किये गये हैं।

### इस बार दुर्लभ योग

इस साल की पहली नवरात्रि बहुत खास होने वाली है। 9 दिन बेहद दुर्लभ योग का संयोग बन रहा है इससे मां दुर्गा की पूजा सफल होगी। चैत्र नवरात्रि को बसंत नवरात्रि भी कहा जाता है। इस बार 9 अप्रैल 2024 को घटस्थापना के साथ चैत्र नवरात्रि शुरू होगी और 17 अप्रैल 2024 को राम नवमी पर माता की विदाई होगी यानी नवरात्रि का समापन होगा। ये चैत्र नवरात्रि अखंड रहेगी,अंग्रेजी तारीख और तिथियों का ठीक तालमेल होने से एक भी तिथि कम नहीं होगी। इस तरह चैत्र नवरात्रि में पूरे नौ दिनों का शक्ति पर्व मनाया जाएगा। इसके साथ ही इस साल चैत्र नवरात्रि के 9 दिन बेहद अद्भुत योग का संयोग बन रहा है जिससे भक्तों को माता रानी का विशेष आशीर्वाद प्राप्त होगा। देवी पूजन सफल होगा। चैत्र नवरात्रि में 9 दिन तक शहर सहित जिले भर में घर-घर नवदुर्गा के सभी स्वरूपों की विधिविधान पूर्वक भक्तों द्वारा पूजा-अर्चना कर माता का आशीर्वाद प्राप्त किया जाता है।ऐसी मान्यता है कि मां दुर्गा की सच्चे मन से पूजा-अर्चना करने से सभी मनोरथ पूर्ण होते हैं एवं समस्त दोषों का निवारण होता है। चैत्र नवरात्रि में ग्रह-नक्षत्रों की शुभ स्थिति चैत्र नवरात्रि के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि यानी घटस्थापना के दिन गुरु और चंद्रमा की मेष राशि में युति से गजकेसरी योग बन रहा है।वहीं मेष में सूर्य और बुध का संयोग बुधादित्य राजयोग बना रहा है। शुक्र-बुध के साथ मीन राशि में होंगे जिससे लक्ष्मी नारायण योग बनेगा।साथ ही शुक्र के अपनी उच्च राशि मीन में होने से मालव्य राजयोग भी बन रहा है। इसके अलावा इस दिन अमृत सिद्धि और सर्वार्थ सिद्धि योग का संयोग भी बन रहा है। ऐसे में इतने सारे योग का एक दिन ही निर्माण होना बेहद शुभ माना जा रहा है। व्रती पर माता रानी की कृपा बरसेगी। देवी पूजन के साथ इन कामों के लिए शुभ है चैत्र नवरात्रि इन दिनों में सिर्फ पूजा-पाठ ही नहीं होती,नई शुरुआत और खरीदारी के लिए भी ये दिन बहुत शुभ होते हैं। इस बार नवरात्रि के शुरुआती पांच दिन यानी 9-13अप्रैल खरमास रहेंगे,जिसमें शुभ काम नहीं होते न ही शुभ चीजों की खरीदारी की जाती है लेकिन 14 अप्रैल से नवरात्रि के समापन तक ऐसे मुहूर्त बन रहे हैं,जिसमें प्रॉपर्टी,ज्वैलरी,गाडियों से लेकर इलेक्ट्रॉनिक सामान तक खरीदना समृद्धिदायक होगा। साथ ही नए कामों की शुरुआत करना भी सफलतादायक रहेगा।

## मैहर आने वाले दर्शनार्थियों की सुरक्षा के लिए दिए कड़े निर्देश



**मैहर।** चैत्र नवरात्रि मेले के दौरान मैहर दर्शन करने आने वाले दर्शनार्थियों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मैहर मां शारदा मंदिर चौकी में पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल और अपर कलेक्टर शैलेंद्र सिंह के द्वारा पुलिस प्रशासन की बैठक ली गई।इस बैठक में पुलिस बल को मेले प्रांगण में ड्यूटी का विभाजन किया गया एवं यात्री सुरक्षा का कड़े इंतजामात किए गए। इस दौरान पुलिस अधिक्षक श्री अग्रवाल ने कहा की हर बार की तरह इस बार भी पुलिस मुख्यालय और आईजी जोन रीवा से पर्याप्त मात्रा में लगभग चार सौ पुलिस बल उपलब्ध कराया गया है। इस बार प्री ब्रीफ किया गया है जिसमें पुलिस बल को उनके ड्यूटी में बताए स्थान पर जाकर बताया जाएगा। इसके अलावा मंदिर प्रांगण में लोहे की जाली लगवा दी गई है ताकि भीड़ बराबर चलती रहे। श्री अग्रवाल ने बताया की पिछले बार पहाड़ के रास्ते से श्रद्धालु दर्शन करने मंदिर पहुंच रहे थे उन स्थानों को चिन्हित कर बैरिकेटिंग की गई है ताकि पहाड़ी के रास्ते श्रद्धालु दर्शन करने के असफल प्रयास न कर सके।श्री अग्रवाल ने सभी दर्शनार्थियों से अपील करते हुए कहा की पहाड़ी के रास्ते मंदिर तक पहुंचने का जोखिम न उठाए अंततः वापस नीचे लौटना पड़ेगा। इसी तरह पार्किंग की व्यवस्था को लेकर कहा की कई छोटे छोटे चोर रास्तों से गाडियां मंदिर प्रांगण में प्रवेश कर जाती है कई वाहनों के खड़े होने से अव्यवस्था होती थी जिसकी वजह से श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना करना पड़ता है इसके लिए सभी चोर रास्तों को चिन्हत करके बंद कर दिया गया है। इसके अलावा एक अतिरिक्त पार्किंग की व्यवस्था की जा रही है। भीषण गर्मी को देखते हुए दमकल के कई वाहनों की व्यवस्था की गई है जिसमे से एक दमकल वाहन को सड़क मार्ग के दूसरे फ़ेरे में खड़ा रखा जाएगा ताकि किसी भी प्रकार के आपातकालीन स्थिति में तत्काल सहायता मिल सके।इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधिक्षक मुकेश वैश्य,राजीव पाठक,अनिमेष द्विवेदी एवं जिले के सभी थानों के थाना प्रभारी मौजूद रहे।

### दर्शनार्थियों को भ्रमित न करें

चैत्र नवरात्रि व मेले की व्यवस्थाओं का जायजा लेने पहुंचे सीएसपी राजीव पाठक,मैहर अनुविभागीय अधिकारी विकास कुमार सिंह,तहसीलदार एवं मेला मजिस्ट्रेट जितेंद्र पटेल आगामी 8 अप्रैल से शुरू होने वाले चैत्र नवरात्रि मेले को लेकर मंदिर परिसर का भ्रमण किया। इस दौरान अवैध अतिक्रमण को हटाने की लिए समझाइश देते हुए अवैध दुकानों एवं फुटपाथ पर लगी दुकानों को हटाने की कार्यवाही की गई साथ ही क्षेत्र में प्रतिबंधित मादक पदार्थ व पान गुटखा आदि की बिक्री हेतु दुकानदारों को हिदायत दी गई। दुकानदारों से अपील की गई की अपनी दुकानों के बाहर साफ सफाई रखे और दुकानों एवं प्रतिष्ठानों के बाहर डस्टबिन रखने के निर्देश दिए। इस दौरान दुकानदारों से अपील की गई की मैहर आने वाले दर्शनार्थियों के साथ अच्छा व्यवहार करें तथा श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा या आपात स्थिति में मदद करें तथा श्रद्धालुओं को आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराए,साथ ही प्रसाद उचित मूल्य पर विक्रय करें। श्रद्धालुओं के साथ दुर्व्यवहार की सूचना पर आवश्यक कानूनी कार्यवाही होगी,किसी भी प्रकार से श्रद्धालुओं को भ्रमित न करे।

## कलयुगी पुत्र ने की थी पिता की हत्या, गढ़ी थी झूठी कहानी

सतना।

अमदरा थाना क्षेत्र अंतर्गत परसवारा गांव में पारिवारिक विवाद के दौरान कलयुगी पुत्र ने लाठी से हमला करके अपने पिता सोहनलाल कुशवाहा पुत्र लालू कुशवाहा 65 वर्ष की हत्या कर दी। पुलिस ने इस मामले में आरोपी रामसुरेश कुशवाहा को संदेह के आधार पर गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। घटना के संबंध में बताया गया है कि सोहनलाल कुशवाहा के तीन पुत्र हैं। जिनमें बड़ा पुत्र इंदौर में रहता है,मझला पुत्र गांव में निवासरत है,जबकि सबसे छोटा पुत्र रामसुरेश कुशवाहा अपनी पत्नी के साथ पैतृक घर में ही रहता है। बताया गया है कि पिता सोहनलाल राम सुरेश से घर खाली करने के लिये कह रहा था। जब उसने ऐसा नहीं किया तो ससुर ने अपनी बहू के साथ गालीगलौज करते हुये कमरे के दरवाजे पर ताला ठोंक दिया। इसी दौरान रामसुरेश वहां पहुंचा,जिसे सोहन लाल ने लाठी लेकर दौड़ा लिया। गुस्से में आकर पुत्र रामसुरेश ने वृद्ध सोहनलाल पर लाठी छुड़ाकर सिर पर प्रहार कर दिया। इसके कारण उसकी मौत हो गयी। बताया गया है कि बीच-बचाव करते समय मृतक की पत्नी भी घायल हो गयी। बताया जाता है कि इस घटना के बाद पकड़े जाने के डर से आरोपी रामसुरेश कुशवाहा व उसकी पत्नी ने नई कहानी गढ़ डाली। इनके द्वारा पुलिस को बताया गया कि भैंस बांधने की रस्सी गेरमा में पैर फंस जाने के कारण पिता सोहनलाल कुशवाहा गिर गया था।गिरने के बाद भैंस द्वारा रस्सी घसीटे जाने के कारण उनकी मौत हो गयी। किन्तु मौके की परिस्थितियों स्थतियों का अवलोकन करने के बाद थाना प्रभारी संजय दुबे ने वृद्ध की मौत को संदिग्ध मानते हुये छोटे पुत्र को हिरासत में लेकर पूछताछ की। अंततः कड़ाई किये जाने पर रामसुरेश ने सच्चाई उगल दी। पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ धारा 302 का प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपी को न्यायालय मे पेश किये जाने की तैयारी की जा रही है।

## मां कर्मा देवी जयंती समारोह आज

मैहर।

साहू समाज की आराध्य भक्त शिरोमणि मां कर्मा की जयंती कल 8 अप्रैल को 11बजे से स्थानीय पटेल मैरिज गार्डन कटनी रोड में मनाई जाएगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रविकरण साहू अध्यक्ष तेलघानी बोर्ड एवं अध्यक्षता सतना सांसद गणेश सिंह करेंगे। विशिष्ठ अतिथि के रूप में मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी,सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह,लक्ष्मण प्रसाद साहू जिलाध्यक्ष रीवा,श्रीमती गीता संतोष सोनी अध्यक्ष नपाप मैहर, कमलेश सुहाने जिलाध्यक्ष भाजपा मैहर, हरिशंकर साहू प्रदेश अध्यक्ष साहू समाज,शुभम साहू युवा प्रदेश अध्यक्ष साहू समाज उपस्थित रहेंगे। उक्त जानकारी दीपक साहू जिलाध्यक्ष साहू समाज मैहर ने देते हुए बताया है कि जयंती कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों के द्वारा मां कर्मा जी के उदेश्यों एवं जीवनी पर प्रकाश डाला जाएग। इस दौरान सामाज की प्रगति पर चर्चा की जाएगी।

## घूरडांग में महिला की हत्या का आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर, दबिश जारी

सतना।



कोलगवां थाना अंतर्गत घूरडांग निवासी राजू कुशवाहा की पत्नी कुसुम कुशवाहा 45 वर्ष की हत्या के आरोपी रामलखन कुशवाहा की तलाश में पुलिस द्वारा दबिश दी जा रही है। समाचार लिखे जाने तक हत्यारे का कोई सुराग पुलिस के हाथ नहीं लगा है। समझा जाता है कि कल शाम बका से अपनी बहू की हत्या करने के बाद हत्यारा कहीं जाकर छुप गया। टीआई सुदीप सोनी के मुताबिक प्रथम दृष्टया हत्या का मुख्य कारण मकान का बंटवारा प्रतीत होता है। प्रकरण की गहराई से जांच की जा रही है। ज्ञातव्य है कि शनिवार की शाम करीबन 6 बजे जब कुसुम कुशवाहा अपने घर पर भगवान की पूजा-आरती कर रही थी, उसी समय आरोपी रामलखन बका लेकर पीछे से पहुंचा और कुसुम कुशवाहा के गले पर प्रहार कर दिया। जान बचाने के लिये वह दौड़ती हुई सड़क तक पहुंची,यहां भी आरोपी पीछा करता हुआ पहुंच गया और बका से कई प्रहार करके बहू को मौत के घाट उतार दिया। उक्त घटना की सूचना मिलने पर कोलगवां थाना प्रभारी सुदीप सोनी बल सहित मौके पर पहुंचे। पंचनामा तैयार कराने के बाद शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस द्वारा आरोपी रामलखन कुशवाहा के खिलाफ हत्या का प्रकरण कायम कर लगातार उसकी तलाश की जा रही है। बताया गया है कि पिछले कुछ दिनों से रामलखन अपने भाई राजू एवं उसकी पत्नी कुसुम से अपने हिस्से का मकान,जमीन की मांग कर रहा था। जिस पर इनके द्वारा भवन निर्माण का आधा खर्चा मांगे जाने पर उसने इंकार कर दिया। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद बढ़ा।

### कुसुम ने किया था बहन के बच्चों का पालन-पोषण

हासिल जानकारी के मुताबिक कुसुम कुशवाहा की बड़ी बहन का विवाह रामलखन के साथ हुआ था। वह 15 साल पहले पति को छोड़कर चली गयी थी। जिसके बाद रामलखन भी बच्चों को छोड़कर चला गया था। कुसुम एवं राजू ने रामलखन के बच्चों का पालन पोषण किया और उक्त भवन का निर्माण भी कराया था।

### इनका कहना है

पुलिस हत्या के आरोपी को तलाश रही है। उम्मीद है कि जल्दी ही उसे दबोच लिया जायेगा। कई जगह दबिश दी जा चुकी है।

**सुदीप सोनी टीआई, कोलगवां थाना, सतना।**

## कलेक्टर इलेवन एवं स्वीप इलेवन के बीच खेला गया मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच





सतना।

लोकसभा निर्वाचन-2024 में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जिले में विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही है। इस कड़ी में मतदाता जागरूकता को लेकर रविवार को प्रातः 7 बजे से शासकीय स्नाकोत्तर महाविद्यालय सतना के ग्राउंड में कलेक्टर इलेवन एवं स्वीप इलेवन के बीच मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच खेला गया। स्वीप इलेवन की टीम ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। निर्धारित 15-15 ओवर के मैच में उप जिला निर्वाचन अधिकारी स्वप्निल वानखेड़े की कप्तानी में स्वीप इलेवन टीम ने कुल 100 रन बनाये। लक्ष्य का पीछा करते हुए द्वितीय पारी में कलेक्टर इलेवन की टीम मैदान पर उतरी। रोचक मुकाबले के बाद कलेक्टर इलेवन की टीम ने महज 11 ओवर में 4 विकेट शेष रहते मैच जीत लिया। टीम के कप्तान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा ने 15 रन बनाए और गेंदबाजी करते हुये एक ओवर स्वीप इलेवन टीम के विरुद्ध दो महत्वपूर्ण विकेट भी लिये। इस प्रकार कलेक्टर इलेवन की टीम ने विजेता बनकर लोकसभा निर्वाचन 2024 में 26 अप्रैल को अनिवार्य रूप से मतदान करने के लिए मतदाताओं को प्रेरित किया। क्रिकेट मैच की रोचक कमेन्ट्री सहायक नोडल स्वीप सौरभ सिंह और मनोज मिश्रा द्वारा की गई।इस मौके पर स्वीप की नोडल अधिकारी एवं सीईओ जिला पंचायत संजना जैन, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी स्वप्निल वानखेड़े, एसडीएम राहुल सिलाड़िया, डिप्टी कलेक्टर सुमेश द्विवेदी,सहायक नोडल अधिकारी सौरभ सिंह,जिला पंजीयक डॉ कीर्ति सिंह,जिला आबकारी अधिकारी विभा मरकाम,जिला खाद्य अधिकारी नागेंद्र सिंह,एलडीएम गौतम शर्मा,सहायक महाप्रबंधक उद्योग आरएल पांडेय,प्रभारी जिला खेल अधिकारी एसपी तिवारी,सहायक संचालक श्याम किशोर द्विवेदी,नगर निगम के उपायुक्त भूपेन्द्र देव परमार,महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ शिवेश सिंह,प्रो.आरके गुप्ता,एनएसएस प्रभारी क्रांति मिश्रा,सीईओ जनपद प्रतिपाल बागरी सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**आर्टइचौल एवं बिरला कार्पोरेशन के साथ प्रशासन के सहयोग से होगा मैहर का सौंदर्यीकरण**

## सौंदर्यीकरण के लिए जन जागरण हेतु निकाली गई प्रभात रैली

मैहर।

मां शारदा की पावन धरा को जिला प्रशासन एवं विभिन्न संस्थाओं और जनसामान्य के द्वारा मैहर म्यूजिक आर्ट सिटी के रूप में विकसित करने के क्रम में बाबा तालाब परिसर के अन्य तालाबों का सौंदर्यीकरण पूर्व से ही प्रारंभ है। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के सीएमसीएलडीपी के बीएसडब्ल्यू एवं एमएसडब्ल्यू के नेतृत्वकर्ता नवांकुर संस्था वात्सल्य द राइजिंग यूथ फाऊंडेशन मैहर,इनटेक,(इंडियन नेशनल ट्रस्ट फॉर आर्ट एंड कल्चरल हेरिटेज),आर्ट इचोल एवं बिरला कार्पोरेशन के साथ नगरीय प्रशासन के सहयोग से मैहर सौंदर्यीकरण के उद्देश्य से जन-जागरण को जागरूक करने की एक पहल रविवार प्रातः 6:3० बजे आप बाबा तालाब परिसर में सम्पन्न हुई। बाबा तालाब परिसर में प्रातः कालीन भ्रमण करने वाले सम्मानित जनों के साथ काफी मात्रा में जिम उपयोगकर्ताओं को स्वच्छ मैहर अपना मैहर कैसा हो पर जानकारी पूरे तालाब परिसर का भ्रमण पाथवे में तालाब स्वच्छ एवं सुंदर कैसे हो पर बृहद चर्चा के साथ प्रभात फ़ेरी में क्लीन मैहर ग्रीन मैहर के साथ नारे लगाते हुए प्रभात फ़ेरी निकाली गई। इस दौरान नारे लगाते रहे कि हम सबने ये ठाना है मैहर को स्वच्छ बनाना है। सुखी धरती करे पुकार,वृक्ष लगाओ बार-बार। समाज सेवियों ने ठाना है तालाब स्वच्छ बनाना है। जल ही जीवन है। इस अवसर पर जिला समन्वयक डॉ. राजेश तिवारी, विकासखण्ड समन्वयक जगन सिंह,श्रीमती अंबिका बेरी, संयोजक जयंत जैन,सहसंयोजक इदेवेंद्र अग्रवाल,सुबोध जैन,जितेश जैन,शहर चोपड़ा,शुभ्रा मुखर्जी,सदस्य एडवोकेट सोमेंद्र सिंह एवं काफी संख्या में सदस्यों के साथ समस्त परामर्शदाता उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

## उल्लंघन पर नियम के तहत कार्यवाही के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

**पन्ना।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेश कुमार ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन के दौरान सोशल मीडिया पर बढ़ते उल्लंघन के दृष्टिगत नियमानुसार कार्यवाही के लिए नोडल अधिकारी की नियुक्ति की है। इसके लिए डिप्टी कलेक्टर समीक्षा जैन को नोडल अधिकारी और ई-गवर्नेंस प्रबंधक दीपक सोनी को सहायक का दायित्व सौंपा गया है। दीपक सोनी को प्रत्येक अभ्यर्थी के सोशल मीडिया अकाउंट की निगरानी कर उल्लंघन से संबंधित जानकारी नोडल अधिकारी को प्रस्तुत करने तथा नोडल अधिकारी को आयोग के प्रावधानों के तहत आगामी कार्यवाही संपादित करने के निर्देश दिए गए हैं।

## एटीआर कार्यवाही के लिए संशोधित आदेश जारी

**पन्ना।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेश कुमार ने मतदान दिवस एवं मतदान से एक दिवस पूर्व भारत निर्वाचन आयोग की इलेक्ट्रॉनिक मीडिया मॉनिटरिंग कमेटी (ईएमएमसी) से प्राप्त आयटम व न्यूज पर प्रति दो घण्टे में एक्शन टेकन रिपोर्ट (एटीआर) भेजने के लिए अधिकारियों की नियुक्ति की है। इस संबंध में गत 29 मार्च को जारी आदेश निरस्त कर तत्काल प्रभाव से संशोधित आदेश जारी किया गया है, जिसके तहत अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीलाम्बर मिश्र को नोडल अधिकारी और डिप्टी कलेक्टर समीक्षा जैन को सहायक का दायित्व सौंपा गया है।

## छात्रा आस्था परौहा का नवोदय विद्यालय रमखीरिया में चयन



**पन्ना।** आस्था उर्फ आशी परौहा का कक्षा 9वीं में जवाहर नवोदय विद्यालय रमखीरिया में चयन हो गया है। जिनका नामांकन दिनांक 06.04.2024 को जमा किया गया है। उल्लेखनीय है कि आस्था परौहा शाहनगर क्षेत्र के ग्राम लमतरा के परौहा परिवार से है। इन्होंने यह सफलता अपनी कड़ी मेहनत से अर्जित की है। जवाहर नवोदय विद्यालय में 9वीं कक्षा में मात्र 3 सीटें थी जिसके लिये जिले के 1000 छात्र/छात्राओं ने परीक्षा दी थी। ये बी.पी. मेमोरियल हायर सेकेण्ड्री स्कूल शाहनगर में कक्षा 8वीं की परीक्षा वर्ष 2023-24 में दिया था अभिभावकों में माता भाई तथा बड़े पिता जी एवं परिवार के तथा विद्यालय के शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन में ये मुकाम हासिल कर ग्राम एवं परिवार का नाम रोशन किया है। आस्था परौहा के पिता जी सचिव पद में पदस्थ थे जिनका 10-12 वर्ष पूर्व दुर्घटना में स्वर्गवास हो गया था। इनके बड़े पिता जी श्री बी.पी. परौहा दक्षिण वनमण्डल पन्ना में मुख्य लिपिक के पद में पदस्थ है। तथा म.प्र. तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष है। तथा दूसरे बड़े पिता जी श्री गोविन्द प्रसाद परौहा (गुड्डा महाराज) ग्रा.पं. लमतरा के उप संरपंच है। उनकी माता श्रीमती सीमा परौहा ग्राम पंचायत के सचिव पद पर कार्यरत है। भाई राहुल, रोहित, अमित, अंकित, शिवा, कान्हा और बहने सविता तिवारी, प्रीती तिवारी, प्रतिमा, नीतू, प्राची, रेशू, नन्हू, मधू एवं परिवारजनों में इस सफलता से काफी हर्ष का माहौल व्याप्त है। छात्रा के चयन में पेंशन एसोशियेसन के एम.एल. थापक, प्रदीप मिश्रा, अनिल जैन, प्रमोद पाठक, एवं वन कर्मचारी संघ से महीप रावत, ओ.पी. शर्मा, श्री राजीव कुमार द्विवेदी, अरूण त्रिवेदी, गणेश सोनी तथा परिवारजनों ने उज्वल भविष्य की कामना की है।

## गुनौर पुलिस के द्वारा अंधे कत्ल का किया गया खुलासा

# प्रेम प्रसंग की वजह से की गई थी निर्दयी हत्या

दिनांक 19/03/24 को फरियादी रामस्वरूप विश्वकर्मा ने थाना गुनौर उपस्थित होकर के रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसका छोटा भाई भूरा उर्फ लखन विश्वकर्मा घर से गायब है।

कपिल गुनौर पन्ना।



कोई जानकारी नहीं चल रही है फरियादी की सूचना पर थाना गुनौर में गुमशुदा की क्रमांक 11/24 दर्ज कर गुमशुदा व्यक्ति की तलाश पतारसी की गई तलाश के दौरान उक्त व्यक्ति का शव अगले दिन 20/03/2024 को दीक्षित क्रेशर गुन्नोर के पास संदिग्ध अवस्था में पड़ा हुआ मिला पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार उसकी हत्या सर मे पत्थर पटककर कारित करना पाया गया. घटनाक्रम हत्या से संबंधित पाए जाने पर पन्ना पुलिस अधीक्षक श्री साइ कृष्णा एस थोटा के द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती आरती सिंह के नेतृत्व में टीम गठित कर प्रकरण में शीघ्र आरोपी का पता लगाने हेतु निर्देशित किया गया. घटनास्थल का पुलिस अधिकारियों , एफएसएल टीम, फिंगरप्रिंट एवं डॉग स्क्वाड के द्वारा बारीकी से निरीक्षण किया गया एवं घटनास्थल पर पाए गए भौतिक साक्ष्यों का संकलन किया गया. समस्त साक्ष्यों के अवलोकन एवं मृत व्यक्ति से संबंधित व्यक्तियों से पूछताछ के आधार पर घटनाक्रम प्रेम प्रसंग के चलते जलन भावना के कारण होना पाया गया . प्रकरण के आरोपी को तलब कर पूछताछ की गई जिसे अपना जुर्म स्वीकार किया. पुलिस द्वारा उक्त आरोपी गिरफ्तार किया जा चुका है एवं माननीय न्यायालय के आदेश से आरोपी को जिला जेल पन्ना दाखिल किया जा चुका है. पन्ना पुलिस अधीक्षक के द्वारा टीम के उत्साहवर्धन हेतु नगद ईनाम की घोषणा की गई है।


**महत्वपूर्ण भूमिका** - उक्त संपूर्ण कार्यवाही पन्ना पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन , अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती आरती सिंह एवं एसडीओपी गुनौर श्री ग्लैडविन एडवर्ड कार के नेतृत्व में निरीक्षक सुशील कुमार अहिरवार थाना प्रभारी गुनौर, उनि मनोरमा मौर्य, उप निरीक्षक अनिल सिंह , सउनि अशोक गौतम, प्रआर राकेश कुमार अहिरवार, प्रआर संतलाल प्रजापति, प्रआ सुरेश पांडे, प्रआर राहुल बघेल, आशीष अवस्थी नीरज रैकवार, धर्मेंद्र सिंह, शिवेंद्र मिश्रा, रणधीर दाँगी , होमगार्ड सैनिक माधव प्रसाद, महिला आरक्षक मोनिका की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



# आग की चपेट में आने से लगभग 35 एकड़ गेहूं की फसल खाक

### आग बुझाने के प्रयास में कुछ किसान भी झुलसे

### यूपी की फायर ब्रिगेड और ग्रामीणों के द्वारा मोटर पंप चलाकर आग को किया गया काबू



पन्ना।

जिले के अजयगढ़ तहसील अंतर्गत ग्राम बरोली में आग की चपेट में आने से किसानों की लगभग 35 एकड़ गेहूं की फसल जलकर खाक होने का मामला सामने आया है। घटना के संबंध में क्षेत्रीय प्रतिनिधि नूरकाजी से प्राप्त जानकारी के अनुसार 7 अप्रैल 2024 को अचानक खेतों में आग की लटके उठने लगी, लोगों के द्वारा मौके पर पहुंचकर पेड़ों की डालियां तोड़कर आग को बुझाने का प्रयास किया गया लेकिन यह आग तेज हवाओं के कारण तेजी से फैल रही थी जिसे बुझाने के प्रयास में नूरकाजी सहित कुछ अन्य किसान भी झुलस गए। किसानों के द्वारा फायर ब्रिगेड को फोन किया गया जिससे कुछ देर में यूपी की फायर ब्रिगेड पहुंच गई किसानों के द्वारा यूपी की फायर ब्रिगेड और अपने खेतों के मोटर पंप चालू कर आग को काबू में किया गया लेकिन जब तक अजयगढ़ की फायर ब्रिगेड पहुंची आग बुझ चुकी थी इस भीषण अग्निकांड में किसानों की लगभग 35 एकड़ की गेहूं की पकी फसल जलकर खाक हो गई है जिससे किसानों को भारी नुकसान हुआ है।

# जु-जित्सु नेशनल प्रतियोगिता में अनमोल सेन ने जीता मेडल

## दो खिलाड़ी रहे पांचवें स्थान पर





पन्ना।

नेशनल जु-जित्सु प्रतियेगिता 2023-24 सब जूनिया एवं जूनियर वर्ग में पन्ना के चार खिलाड़ी पीयूष विश्वकर्मा, अनमोल सेन, अर्थव गौतम एवं दिव्यांश साहू ने नेशनल मार्शर्ल आअ प्रतियोगिता में भाग लिया। जिस में से एक खिलाड़ी ने पदक जीता है अनमोल सेन ने 52 कि.ग्रा वर्ग मे ब्राउज जीतकर पन्ना जिले का नाम रोशन किया। पन्ना मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों का दबदबा रहा जहां पन्ना के खिलाड़ियों ने जापान की इस मार्शल आर्ट विधा का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पदक अपने नाम किया। जिसके तहत पन्ना जिले के चारों खिलाड़ियों में खुशी की लहर है बता दें कि उत्तरप्रदेश के लखनऊ के चौक स्टेडिया में जु-जित्सु नेशनल प्रतियोगिता 2023-24 का आयोजन किया गया था। फिटनिस ट्रेनिंग एकेडमी पन्ना एवं जिला जु-जित्सु संघ पन्ना खिलाड़ी अनमोल सेन,पीयूष विश्वकर्मा, अर्थव गौतम एवं दिव्यांश साहू ने मध्यप्रदेश जु-जित्सु संघ से प्रतिनिधित्व किया। अनमोल सेन ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पदक अपने नाम किया। जिला जु-जित्सु संघ पन्ना के सचिव व मुख्य प्रशिक्षक इरफान खान ने बताया कि यह प्रतियोगिता उत्तरप्रदेश के लखनऊ में हुई जिसमें 18 वर्ष आयु के 52 कि.ग्रा. भार वर्ग में अनमोल सेन ने पदक हासिल किया है। अनमोल सेन ने अपनी कड़ी मेहनत और लगन से यह मुकाम हासिल किया है। साथ ही पीयूष विश्वकर्मा 56 कि.ग्रा वर्ग एवं अर्थव गौतम 40 कि.ग्रा वर्ग में रहें दोनों खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय जु-जित्सु प्रतियोगिता लखनऊ में पांच वें स्थान पर रहें। जु-जित्सु एक मार्शल आर्ट है जो आत्मरक्षा और शारीरिक फिटनेस के लिए जाना जाता है। यह खेल एशियाई खेलों, एशियाई बीच खेलों, एशियाई इंडोर खेलों, वर्ल्ड खेलों, वर्ल्ड पुलिस खेल और फायर गेम्स, 38वें राष्ट्रीय खेलों, भारतीय खेल प्राधिकरण जैसे कई ओलंपिक मान्यता प्राप्त अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में शामिल है। विजेन्द्र खरसोदिया अध्यक्ष मध्य प्रदेश जु-जित्सु संघ, रोहणी कलम महासचिव मध्य प्रदेश जु-जित्सु संघ, लॉरेंस ऐट्स अध्यक्ष जिला जु-जित्सु संघ पन्ना, इरफान खान सचिव जिला जु-जित्सु संघ पन्ना नईम खान संचालक चिल्ड्रन पब्लिक स्कूल पन्ना, पहलवान सिंह संरक्षक फिटनिस ट्रेनिंग एकेडमी पन्ना, महेन्द्र कुमार विश्वकर्मा अध्यक्ष जिला वुशू संघ पन्ना तरूण पाठक, हर्षिता विश्वकर्मा महिला प्रशिक्षक, सैफ उल्ला संचालक पन्ना हेल्थ क्लब, बलराम सेन, पवन कुमार पाठक ने सभी खिलाड़ियों व प्रशिक्षक इरफान खान को शुभकामनाएं दी।

# डाक मतपत्रों के संधारण के संबंध में निर्देश

पन्ना।

अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीलाम्बर मिश्र ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के निर्देशानुसार जिले के सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के सहायक रिटर्निंग अधिकारियों को लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत प्रतिदिन प्राप्त पोस्टल बैलेट के संधारण के संबंध में आवश्यक निर्देश जारी किए हैं, जिसके तहत रिटर्निंग अधिकारी द्वारा प्राप्त डाक मतपत्र से संबंधित सभी लिफाफों को मतगणना प्रारंभ होने तक सुरक्षित अभिरक्षा में रखा जाएगा। इस संबंध में निर्देशित किया गया है कि जिला मुख्यालय पर पोस्टल बैलेट ट्रेजरी में सुरक्षित संधारित किए जाएं। जिला कोषालय में लोकसभा क्षेत्रवार बॉक्स में पोस्टल बैलेट संधारित किए जाएंगे और बॉक्स पर लॉक एवं सील लगाई जाएगी। प्रतिदिन के पोस्टल बैलेट को लोकसभा क्षेत्रवार पृथक-पृथक कर लिफाफे बनाकर व सील कर संधारित किया जाएगा। लोकसभा क्षेत्रवार पृथक्करण का कार्य फेसिलिटेशन सेन्टर/पोस्टल वोटिंग सेन्टर पर मतदान समाप्ति के पश्चात उसी दिन किया जाना सुनिश्चित किया जाएगा। किसी भी स्थिति में स्ट्रॉंग रूम पहुंचकर इन्हें पृथक करने संबंधी कार्य पर रोक रहेगी। पोस्टल बैलेट के लिए जरूरी सुरक्षा व्यवस्था, स्ट्रॉंग रूम में पोस्टल बैलेट डबल लॉक सिस्टम से सुरक्षित संधारित करने, सभी अभ्यर्थियों और मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को इस बावत लिखित में अवगत कराने, स्ट्रॉंग रूम खोलने व बंद करते समय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि व अभ्यर्थी या प्रतिनिधियों की उपस्थिति के संबंध में सूचित करने, सीसीटीवी कव्हरेज इत्यादि व्यवस्थाओं के संबंध में भी निर्देशित किया गया है। पोस्टल बैलेट की मतगणना रिटर्निंग ऑफिसर मुख्यालय पर होगी। रिटर्निंग अधिकारी के मुख्यालय से भिन्न जिले में पोस्टल बैलेट संधारित होने की स्थिति में लोकसभा क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी को आवश्यक रिकार्ड सहित निर्धारित समय पर उपलब्ध कराना होंगे। इस कार्यवाही की सूचना भी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों व अभ्यर्थियों को प्रदान करना अनिवार्य है। डाक मतपत्र स्थानांतरण के समय पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कर संपूर्ण प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराने तथा मतगणना के एक दिन पूर्व मतगणना केन्द्र पर पोस्टल बैलेट के लिए बनाए गए स्ट्रॉग रूम में सभी पोस्टल बैलेट सुरक्षित रूप से संधारित करने के लिए निर्देशित किया गया है। इस दौरान भी स्ट्रॉग रूम की सुरक्षा व सीसीटीवी कव्हरेज की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।



# महेवा में भाजपा ने मनाया स्थापना दिवस

### कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय अटल बिहारी वाजपेई की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**अमानगंज।** पन्ना जिले के मंडल अमानगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत महेवा में भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जयप्रकाश चतुर्वेदी एवं मंडल अध्यक्ष अमानगंज डॉक्टर प्रशांत चतुर्वेदी की उपस्थिति में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को अपना 44 वां स्थापना दिवस मनाया। इस मौके कार्यकर्ताओं ने भाजपा पार्टी की रीति और नीति के साथ चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के समस्त कार्यकर्ता बूथ अध्यक्ष एवं वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति रही।

## पिता की तेरहवीं के पहले पुत्र की मृत्यु

**पन्ना।** इंद्रपुरी निवासी प्रतीक खरे मोंटी के पिता बृजेंद्र खरे जो एपीओ जिला पंचायत में कार्यरत थे। उनका निधन 12 दिन



पहले हुआ था। आज प्रतीक खरे मोंटी का निधन हो गया( मोंटी को लीवर की बीमारी थी जो बहुत दिनों से इस बीमारी से जूझ रहे थे जिसका इलाज लखनऊ पीजीआई और दिल्ली में चल रहा था। मां नम्रता खरे शिक्षिका है। जिनके ऊपर ये दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। भगवान उनको ये दुखों को सहने की छमता प्रदान करे। मृत आत्मा को शांति प्रदान करे।

# क्रिटिकल बूथों पर तैनात किये जायेंगे माइक्रो आब्जर्बर

पन्ना।

भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा का स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न कराने बेबकास्टिंग या सीसीटीव्ही कैमरों से नजर रखने के अलावा प्रत्येक क्रिटिकल बूथ पर माइक्रो आब्जर्बर भी तैनात करने के निर्देश दिये हैं। निर्वाचन आयोग के निर्देश हैं कि गैर सीएपीएफ(केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल) उपायों में एक के रूप में माइक्रो आब्जर्बर को भी मतदान के दिन महत्वपूर्ण मतदान केंद्रों के लिये नियुक्त किया जा सकता है। निर्वाचन आयोग के निर्देशों के मुताबिक माइक्रो आब्जर्बर क्रिटिकल बूथों पर मतदान के दिन की प्रत्येक गतिविधि पर नजर रखेगा। उसका कार्य यह देखना है कि निर्वाचन प्रक्रिया निष्पक्ष और स्वतंत्र रीति से चले तथा मतदान प्रक्रिया दूषित न हो। निर्वाचन आयोग के मुताबिक माइक्रो आब्जर्बर मतदान के दिन निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक के निरंतर सम्पर्क में रहेंगे तथा मतदान को प्रभावित कर सकने वाली प्रत्येक गतिविधि की सूचना सीधे मोबाइल फोन या वायरलेस या संचार के अन्य किसी साधन से सामान्य प्रेक्षक को देंगे। मतदान समाप्ति के बाद माइक्रो आब्जर्बर निर्धारित प्रारूप में अपनी रिपोर्ट सीलबंद लिफाफे में सामान्य प्रेक्षकों को ही सौपेंगे। भारत निर्वाचन आयोग ने कहा है कि माइक्रो आब्जर्बर केंद्र शासन के या केंद्र शासन के उपक्रमों के कर्मचारियों को बनाया जा सकेगा। ये कर्मचारी ग्रुप सी से निम्न नहीं होंगे। ऐसे कर्मचारी माइक्रो आब्जर्बर के रूप में अपने निवास के जिले में मतदान केंद्रों पर नियुक्त किये जा सकेंगे। ऐसी स्थिति में जहाँ जिले में माइक्रो आब्जर्बर के रूप में नियुक्त करने के लिये पर्याप्त संख्या में केंद्र शासन अथवा केन्द्र शासन के उपक्रमों के कर्मचारी उपलब्ध नहीं हैं, वहां पड़ोसी जिलों में पदस्थ भारत सरकार या केंद्रीय उपक्रमों के कर्मचारियों को माइक्रो आब्जर्बर बनाया जा सकेगा। निर्वाचन आयोग के मुताबिक माइक्रो आब्जर्बर को मतदान सबंधी नियमों एवं प्रक्रियाओं के बारे में विस्तृत प्रशिक्षण दिया जायेगा। उन्हें प्रेक्षण के कार्य जो उनसे अपेक्षित हैं तथा रिपोर्ट जो उनके द्वारा प्रस्तुत किया जाना अपेक्षित है उसके तरीके के बारे में भी प्रशिक्षित किया जायेगा। आयोग ने कहा है कि माइक्रो आब्जर्बर को मतदान के दिन 90 मिनट पहले मतदान केंद्रों पर पहुंचना होगा। माइक्रो आब्जर्बर मतदान केंद्रों पर मतदान की तैयारियों, मतदान केंद्रों पर उपलब्ध सुविधाओं तथा मॉकपोल से लेकर वास्तविक मतदान शुरू होने एवं मतदान खत्म होने तक की पूरी प्रक्रिया पर नजर रखेंगे। वे मतदान के दिन निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक से लगातार संपर्क में रहेंगे और सीधे उन्हें ही अपनी रिपोर्ट सौंपेंगे। निर्वाचन आयोग के मुताबिक क्रिटिकल बूथों पर माइक्रो आब्जर्बर की तैनाती में यह ध्यान में रखना होगा कि जिस निर्वाचन क्षेत्र के निवासी हैं, उन्हें उसकी बजाय दूसरे निर्वाचन क्षेत्र में तैनात किया जाये। मतदानकर्मियों की तरह माइक्रो आब्जर्बर की मतदान केंद्र पर तैनाती भी रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया से होगी। उन्हें भी डाकमत पत्र अथवा इलेक्शन ड्यूटी सर्टिफिकेट से मतदान की सुविधा दी जायेगी।

# शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना में मतदाता जागरूकता गतिविधि का आयोजन

पन्ना।







शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना में लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत मतदाता जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गई। आज संपन्न हुए इस कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ एवं नोडल अधिकारी स्वीप संघ प्रिय ने भी सहभागिता की। विद्यार्थियों द्वारा लोकसभा चुनाव में मताधिकार के उपयोग के लिए प्रेरित करने बावत नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूक किया गया। इसके अलावा महाविद्यालय में स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता गतिविधियों के पूर्व में आयोजित निबंध लेखन, भाषण प्रतियोगिता, रंगोली, पोस्टर एवं दीवार लेखन प्रतियोगिता में अव्वल रहे विद्यार्थियों को पुरस्कार का वितरण भी किया गया। इस मौके पर नोडल अधिकारी संघ प्रिय ने जिला प्रशासन द्वारा आयोजित विभिन्न स्वीप गतिविधियों की जानकारी प्रदान की तथा पहली बार वोट डालने वाले विद्यार्थियों को निर्भीक होकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया। अन्य विद्यार्थियों को भी अपने नगर, गांव, मोहल्ले और परिवार के सदस्यों को मतदान के लिए प्रेरित करने के संबंध में आवश्यक प्रयास करने का आह्वान किया। प्राचार्य अरविन्द त्रिपाठी ने संस्था में आयोजित विभिन्न स्वीप गतिविधियों की जानकारी प्रदान कर मतदान दिवस तक अनवरत स्वीप गतिविधियां संचालित करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा 26 को मतदान करें की थीम पर आकर्षक मानव श्रृंखला भी बनाई गई। इस दौरान संस्था के सभी छात्र-छात्राएं एवं स्टॉफ भी उपस्थित रहा।

## खबर संक्षेप

### शिक्षकों ने साइकिलिंग के माध्यम से दिया स्वस्थ्य रहने का संदेश




**छतरपुर।** रविवार को विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में प्रातः 7 बजे महर्षि विद्या मंदिर देरी रोड के शिक्षकों ने साइकिलिंग के माध्यम से शहरवासियों को स्वस्थ्य रहने का संदेश दिया। साईकिल रैली की अगुवाई विद्यालय के 60 वर्षीय प्राचार्य सीके शर्मा ने की। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपने व्यस्त समय में से अपने स्वास्थ्य के लिए थोड़ी समय निकलकर साईकिलिंग और व्यायाम वगैरह अवश्य करें। विद्यालय के पंकज जैन ने बताया कि रैली को विद्यालय के स्पोर्ट्स ऑफिसर प्रमोद दुबे ने देरी तिराहा से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जो बिजावर नाका, आकाशवाणी तिराहा, छत्रसाल चौराहा, पन्ना नाका से बेहर के हनुमान मंदिर होते हुए छत्रसाल चौराहे पर संपन्न हुई।

### अंडर 18 क्रिकेट टीम का चयन 9 अप्रैल को

**छतरपुर।** जिला छतरपुर क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा अंडर-18 क्रिकेट टीम का चयन 9 अप्रैल को सुबह 9.30 बजे से साईं स्पोर्ट्स एकेडमी क्रिकेट ग्राउंड, हनुमान टोरिया के पीछे किया जाएगा। एसोसिएशन के सचिव राजीव बिल्थरे ने बताया कि जिन खिलाडिय़ों का जन्म 1 सितंबर 2005 या उसके बाद हुआ है वे खिलाड़ी इस चयन प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं। इसके साथ ही सभी खिलाड़ी अपने साथ ओरिजिनल डिजिटल जन्म प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड व पिछले लगातार तीन वर्षों की अंकसूची के ओरिजिनल प्रमाण पत्र एवं छाया प्रति अपने साथ लेकर उपस्थित होंगे। उन्होंने सभी खिलाडिय़ों से सफेद ड्रेस में अपनी किट के साथ समय पर उपस्थित होने की बात कही है।

### परमिट खत्म होने के बाद भी हो रहा था शराब का परिवहन



**छतरपुर।** रविवार की दोपहर छतरपुर के यातायात थाने के समीप पुलिस ने जब एक ट्रक को रोका तो उसमें 1400 पेटी बियर केन भरी हुई थीं। यह शराब शाजापुर की रीजेंट बियर एण्ड वाइन डिस्टलरी से छतरपुर के वेयर हाउस में लायी जा रही थी लेकिन शराब का परमिट शनिवार रात 10 बजे तक का था। इसके बावजूद बियर का परिवहन किया जा रहा था। अब आबकारी विभाग ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है। आबकारी उपनिरीक्षक जीतेन्द्र शर्मा ने बताया कि यातायात पुलिस के द्वारा एक ट्रक बियर पकड़े जाने की सूचना दी गई थी। जब यहां आकर दस्तावेज जांचे गए तो पता लगा कि लगभग 36 लाख रूपए कीमत की 1400 पेटी बियर केन का परिवहन शाजापुर से छतरपुर वेयर हाउस के लिए किया जा रहा था। इसका परमिट शनिवार रात 10 बजे तक का था लेकिन परमिट खत्म होने के बावजूद यह गाड़ी समय पर वेयर हाउस क्यों नहीं पहुंची इसकी जांच करेंगे। क्या इस बियर को कालाबाजारी के लिए इस्तेमाल किया जा सकता था इस बिन्दु पर भी विवेचना की जाएगी। बहरहाल यातायात पुलिस की सूचना के बाद बियर को जब्त कर लिया गया है।

## महोबा पुलिस नौगांव और छतरपुर में भी कर सकती है जल्द कार्रवाई

# युवकों ने ऑनलाइन-शॉपिंग से कई-कंपनियों को लगाया करोड़ों का चूना




**नौगांव/छतरपुर।** पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश एक महोबा जिले में बीते दिनों ऑनलाइन शॉपिंग कर कंपनियों को डेढ़ करोड़ रुपए से अधिक का चूना लगाने के मामले का पुलिस ने खुलासा कार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के से भारी मात्रा में खरीदे गए इलेक्ट्रॉनिक्स आइटम सहित मोबाइल फोन लैपटॉप आदि ऑनलाइन शॉपिंग के प्रयोग में लगने वाली सामग्री भी जप्त की है। अब इस मामले के तार नौगांव और छतरपुर जिले से जुड़ रहे हैं। महोबा पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों से पूंछतांछ कर नौगांव सहित छतरपुर जिले में शामिल इनके गिरोह के अन्य सदस्य एवं सस्ता सामान खरीदने वालों की लिस्ट तैयार कर जल्द छापामार कार्रवाई हो सकती है।

महोबा में ऑनलाइन शॉपिंग कंपनी अमेजन, फ्लिपकार्ट को 5 युवकों ने डेढ़ करोड़ रुपए का चूना लगा डाला। जिसका पुलिस ने खुलासा किया है। ऑनलाइन ठगी का यह अनोखा मामला पुलिस के सामने आने पर सभी हैरत में पड़ गए। शातिर दिमाग युवक जल्द अमीर होने के लिए ऑनलाइन शॉपिंग के ज़रिए बड़ी बड़ी कंपनियों को ठगी का शिकार बना रहे थे। पुलिस ने 216 स्मार्ट टीवी, 6 एसी और 4 वाशिंग मशीन बरामद की है। घटना को अंजाम देने के लिए शातिर दिमाग युवक 17 स्मार्ट मोबाइल और 7 कीपैड फोन का प्रयोग करते थे। पुलिस ने 240 सिम कार्ड, एक थंब मशीन व लैपटॉप बरामद कर सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने बताया कि जल्द अमीर बनने के लिए युवकों ने ऑनलाइन शॉपिंग को सहारा बनाया है। सभी आरोपी इतने शातिर निकले कि इतने बड़े फ्रॉड का अमेजन कंपनी भी पता नहीं लगा सकी। करीब एक करोड़ पचास लाख रुपए की ऑनलाइन ठगी कर चुके महोबा के उमाशंकर, अजयपाल, लवकेश, आकाश और रविन्द्र के घर और गोदाम जब स्मार्ट टीवी और इलेक्ट्रॉनिक सामान से भर गए तो उन्होंने इनको बेचने की योजना बनाई और पुलिस के हत्थे चढ़ गए। महोबा पुलिस ने बताया कि ई-कॉमर्स वेबसाइट पर जाकर फर्जी नाम पते से ऑनलाइन अकाउंट बनाते थे और फिर इन्हीं अकाउंट का प्रयोग कर विभिन्न प्रकार के महंगे डिजिटल स्मार्ट टीवी, एसी ,वाशिंग मशीन की खरीदारी की जाती थी। जब इन शातिर दिमाग युवकों को इलेक्ट्रॉनिक सामान का आर्डर प्राप्त हो जाता था तो इसे तकनीकी खराबी बताकर ऑर्डर को रद्द कर देते थे। ऑर्डर कैंसिल होने के बाद रिटर्न के लिए डमी सामान की पैकिंग कर उसे कंपनी को वापस भेजते थे।कई बार कंपनी के रिटर्न के दौरान अपनी सिम को ही बंद कर लिया करते थे और क्रेडिट किया पैसा उनके खाते में वापस आ जाता था और इस तरह ठगी को अंजाम देकर प्रयोग की गई ई-मेल और सिम का उपयोग पूरी तरह से बंद कर देते थे। इसमें इनका एक दोस्त जो सिम बेचने का काम करता था। वह अपने यहां आने वाले उपभोक्ताओं की आईडी लगाकर और सिम निकाल कर ऑनलाइन शॉपिंग की ठगी कर रहे थे। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए शातिर युवकों से पूंछतांछ में इन लोगों ने उत्तर प्रदेश के साथ साथ मध्य प्रदेश के कुछ लोगों के नाम लिए हैं, जो या तो उनके गिरोह का हिस्सा हैं या फिर इन लोगों ने सामान सस्ते दामों पर बेचा है। पुलिस ऐसे लोगों को चिन्हित कर अपने खुफियातंत्र के माध्यम से लिस्टिंग लिए गए लोगों के बारे में खंगाल रही है, जिसमें नौगांव के साथ साथ छतरपुर शहर एवं जिले के अन्य शहरों के लोग भी है, पुलिस जल्द ही रिकार्ड खंगाल कर एवं पुख्ता जानकारी कर ऐसे लोगों के खिलाफ छापामार कार्रवाई करेगी।

सीओ सिटी दीपक दुबे ने बताया कि मुखबिर से मिली सूचना के बाद यह सभी बड़ी तादाद में अपने सामान को बांटने का काम कर रहे थे। जिससे इकट्ठा हुआ सामान बेचा जा सकें। तभी सभी पुलिस के हत्थे चढ़ गए। पुलिस ने 216 स्मार्ट टीवी, 6 एसी, 4 वाशिंग मशीन, 17 स्मार्ट मोबाइल बरामद कर लिए गए। इस बड़ी ठगी को अंजाम देने के लिए एक लैपटॉप, 7 कीपैड फोन, एक थंब मशीन और 240 सिम कार्ड बरामद कर लिए। इन इलेक्ट्रॉनिक सामान को खरीदने के लिए अलग अलग क्रेता के नाम पते इस्तेमाल किए जा रहे थे। जो पूरी तरीके से फर्जी है। महोबा पुलिस ने ऑनलाइन शॉपिंग के जरिए कम्पनी को ठगने वाले पांचों युवकों को गिरफ़्तार कर लिया है। पुलिस इस अपराध में जुड़े। इनके तमाम अन्य साथियों की तलाश में जुट गईं है। पुलिस आरोपियों से माल की बिक्री के ठिकानों का पता लगाने में जुटी हुई है।

## अनियंत्रित कार की चपेट में आकर युवक की मौत, महिला घायल



**चंदला।** शनिवार की शाम को नगर के वार्ड नंबर में 9 में एक नाबालिग लड़का बोलेरा कार को सड़क के किनारे लगा रहा था तभी कार अनियंत्रित होकर पास मौजूद घर में जा घुसी। कार की चपेट में आने के कारण एक महिला और एक युवक घायल हो गया था। घायल युवक की हालत गंभीर होने के कारण उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया था, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है। चंदला पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर जांच शुरु कर दी है।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताकि चंदला के कीर्तन कलाकार मनचला की बोलेरो कार सड़क पर खड़ी हुई थी, तभी वहां एक ट्रैक्टर पहुंच गया जो कार के कारण आगे नहीं जा पा रहा था। कीर्तन कलाकार मनचला ने एक नाबालिग लड़के को चाबी देकर कार को सड़क के किनारे करने के लिए कहा। जब लड़का कार को सड़क के किनारे लगा रहा था तभी अचानक कार उसके नियंत्रण से बाहर हो गई और सामने मौजूद छोटेलाल प्रजापति के घर में जा घुसी। घटना के वक्त छोटेलाल की पत्नी फूला प्रजापति और उसका पड़ोसी अनिल प्रजापति घर के बाहर बैठे हुए थे, जो कार की चपेट में आकर बुरी तरह घायल हो गए, साथ ही मकान भी क्षतिग्रस्त हो गया। दोनों घायलों को चंदला के अस्पताल ले जाया गया। चूंकि अनिल की हालत गंभीर थी, इसलिए उसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया था। रविवार की सुबह अनिल पुत्र मैयादीन प्रजापति उम्र 22 ने जिला अस्पताल में दम तोड़ दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

## नौगांव पुलिस ने की कार्रवाई वर्षों से फरार चल रहे थे वारंटी

**नौगांव।** नौगांव थाना पुलिस ने कई वर्षों से फरार चल रहे स्थाई वारंटियों पर कार्रवाई करते हुए कई वारंटियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है, पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेजने की कार्रवाई की गई।

पुलिस थाना प्रभारी सतीश सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में दर्ज आपराधिक मामलों में फरार चल रहे स्थाई वारंटियों पर कार्रवाई जारी है। इसी कार्रवाई के तहत नौगांव थाना क्षेत्र के वर्ष 1998 के आर्म्स एक्ट के प्रकरण में आरोपी नंदकिशोर उर्फ नंदराम पिता दीनदयाल ढीमर उम्र 40 वर्ष निवासी गांधीनगर मोहल्ला कबरई, वर्ष 2006 के एक्सीडेंट के प्रकरण में आरोपी चन्द्रभा पिता देवीदीन अहिरवार उम्र 26 वर्ष निवासी रामनगर मोहल्ला महोबा एवं वर्ष 2014 के मोटर व्हीकल एक्ट के इस्तगासा में आरोपी इरफान अली पिता असगर अली उम्र 56 वर्ष निवासी कांजीपुरा मोहल्ला महोबा जिला महोबा के विरुद्ध न्यायालय द्वारा स्थाई वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से सभी को जेल भेजने की कार्रवाई हुई। उक्त कार्रवाई में निरीक्षक सतीश सिंह थाना प्रभारी नौगांव, उनि नेहा सिंह गुर्जर चौकी प्रभारी लुगासी, सउनि आर के मिश्रा, प्रधान आरक्षक गोविन्ददास, जयकुमार, देवीदास, आरक्षक अर्जुन सिंह, हरदीन, उदयपाल सिंह, जितेन्द्र, नीलेशकांत, बृजलाल, हरेन्द्र, महिला आरक्षक सीमा, रानू ने अहम भूमिका निभाई।

## चौराहे पर पड़ी मिली व्यापारी के बेटे की खून से लथपथ लाश, जांच में जुटी पुलिस



**चंदला।** रविवार की सुबह नगर में उस वक्त सनसनी फैल गई जब एक प्रतिष्ठित व्यापारी के बेटे की खून से लथपथ लाश चौराहे पर पड़ी मिली। प्रथम दृष्टया मामला दुर्घटना का प्रतीत हो रहा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरु कर दी है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक रविवार की सुबह नगर के सर्किट हाउस चौराहे पर एक युवक की खून से लथपथ लाश पड़ी हुई थी, जिसकी सूचना लोगों ने पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त कराई तो ज्ञात हुआ कि मृतक नगर के प्रतिष्ठित व्यापारी मोहन अग्रवाल का पुत्र संदीप अग्रवाल है। घटना स्थल पर मिले साक्ष्यों से ऐसे कयास लगाए गए हैं कि रात के वक्त किसी अज्ञात वाहन ने संदीप को टक्कर मारी, जिससे उसकी मौत हुई है। फिलहाल पुलिस ने घटना स्थल से साक्ष्य एकत्रित कर मामले की जांच शुरु की है और जल्द ही खुलासा करने की बात कही है।

## हादसों पर लगाम लगाने सख्त हुई यातायात पुलिस, शराबी वाहन चालकों के हुए चालान



**छतरपुर।** पुलिस अधीक्षक अगम जैन के निर्देशन में ट्रैफिक प्रभारी वृहस्पित साकेत द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों पर सघन वाहन चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। पूर्व में यातायात पुलिस ने वाहन चालकों को समझाइश देकर नियमों का पालन करने का आग्रह किया था लेकिन जब व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो वह लापरवाह वाहन चालकों के भारी-भरकम चालान काटे जा रहे हैं। यातायात पुलिस द्वारा सबसे अधिक सख्ती शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर दिखाई जा रही है।

यातायात प्रभारी वृहस्पित साकेत ने बताया कि बढ़ते हादसों की रोकथाम और सुव्यवस्थित यातायात के निर्देश उन्हें वरिष्ठ अधिकारियों से मिले हैं, जिसके परिपालन में यातायात पुलिस लगातार कार्यवाही कर रही है। उन्होंने बताया कि 1 अप्रैल से कार्यवाही और भी सख्त कर दी गई है। 1 से 6 अप्रैल तक जिला मुख्यालय के विभिन्न स्थानों पर 185 चालान काटे गए हैं, जिनसे कुल 1 लाख 8 हजार रुपए के राजस्व की वसूली हुई है। उक्त कार्यवाही में 7 प्रकरण शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध हैं, जिनसे 75 हजार रुपए का राजस्व वसूला गया है। स्पष्ट है कि सबसे अधिक सख्ती शराबी वाहन चालकों के विरुद्ध दिखाई जा रही है। शराब पीकर वाहन चलाते हुए पाए जाने पर 10 हजार रुपए से अधिक का चालान काटा जा रहा है। इसके अलावा नो पार्किंग, हेलमेट, सीट बेल्ट, यातायात संकेत, ओवरलोड, ध्वनि प्रदूषण, नो एंट्री आदि के नियमों का उल्लंघन करने वालों पर भी निरंतर कार्यवाही की जा रही है। यातायात प्रभारी ने बताया कि पिछले माह यानि की मार्च में कुल 611 चालान काटकर 3 लाख 57 हजार 300 रुपए का राजस्व वसूला गया था। उन्होंने बताया कि शहर के जिन प्वाइंट पर अभी तक चैकिंग नहीं की जा रही थी, उन्हें भी शुरु कर दिया गया है, जिनमें पुराना पन्ना नाका और खड़े हनुमान जी का मंदिर प्रमुख है।

## जिला अस्पताल से एक ही दिन में चोरी हुई दो बाईक

**सुरक्षाकर्मी बोले- वाहनों की जिम्मेदारी हमारी नहीं**

**छतरपुर।** रविवार की दोपहर में जिला अस्पताल परिसर से एक साथ बाईक चोरी की दो घटनाएं सामने आई हैं। पीड़ितों ने अस्पताल के गार्ड से जब बात की तो उन्होंने यह कहते पल्ला झाड़ लिया कि वाहनों की जवाबदारी उनकी नहीं है। फिलहाल दोनों पीड़ितों ने कोतवाली थाने में शिकायती आवेदन दिए हैं, जिनको संज्ञान में लेकर पुलिस ने विवेचना प्रारंभ कर दी है।



छतरपुर के सटई रोड पर रहने वाले प्रदीप गुप्ता ने बताया कि उसकी मौसी अस्पताल में भर्ती हैं, जिनका हाल जानने के लिए वह दोपहर 1 बजकर 20 मिनिट पर जिला अस्पताल आया था। करीब ढाई घंटे बाद 3 बजे जब वह अस्पताल से बाहर निकला तो उसकी बाईक एमपी 16 एमडी 4446 अपने स्थान पर नहीं थी। आसपास तलाश करने के बाद भी उसे बाईक नहीं मिली। इसी तरह बिजावर निवासी उदयभान शुक्ला ने बताया कि उसके मित्र के चाचा को रक्त की आवश्यकता थी। वह रक्तदान करने के लिए दोपहर करीब 2 बजे बिजावर से जिला अस्पताल आया था। रक्तदान के बाद दोपहर करीब 3 बजे वह जब वह अस्पताल से बाहर आया तो उसकी बाईक एमपी 16 एमएल 7540 अपने स्थान पर नहीं थी। दोनों पीड़ितों ने अस्पताल के सुरक्षाकर्मियों से जब इस बारे में बात की तो सुरक्षाकर्मियों ने वाहनों की जिम्मेदार उनकी न होने की बात कही। बाद में दोनों पीड़ितों ने कोतवाली थाने में अपनी-अपनी बाईक चोरी होने की शिकायतें दी हैं। पुलिस ने सर्वप्रथम जिला अस्पताल पहुंचकर परिसर के सीसीटीवी कैमरे खंगाले हैं।

### प्रशासन की अच्छी कार्यवाही में बाधक बने व्यापारी नेता

## कार्यवाही से अतिक्रमणकारी दुखी, शहर के लोगों ने जताई खुशी





**छतरपुर।** शहर के बस स्टेण्ड, चौक बाजार, गल्लामण्डी, रामगली बजरिया और महल रोड पर पसरे दुकानदारों के अवैध कब्जों पर लंबे समय बाद प्रशासन ने कार्यवाही की हिम्मत तो जुटाई लेकिन कब्जे हटने के दौरान कुछ छुटभैया नेताओं ने पुलिस और नगर पालिका की इस संयुक्त मुहिम का विरोध शुरू कर दिया। नेताओं के इस विरोध से शहर में हो रही एक अच्छी कार्यवाही पर ग्रहण लग सकता है। छतरपुर कलेक्टर संदीप जीआर शहर को सुंदर और सुव्यवस्थित बनाने के प्रयास कर रहे हैं ताकि नागरिकों को सड़क पर चलने के लिए जगह मिले लेकिन स्वार्थी व्यापारी नेताओं ने अपने लाभ के लिए नागरिकों को परेशान करने का ठेका ले रखा है। इस कार्यवाही से एक तरफ जहां शहर के आम नागरिक प्रसन्न थे तो वहीं चंद व्यापारी नेताओं को दुख झेलना पड़ा

### बस स्टेण्ड से शुरू हुई कार्यवाही, चौक बाजार पर ठप्प -

रविवार की सुबह नगर पालिका की सीएमओ माधुरी शर्मा और यातायात प्रभारी वृहस्पति साकेत के नेतृत्व में पुलिस और नगर पालिका के अमले ने एक जेसीबी मशीन के साथ इस कार्यवाही को शुरू किया। बस स्टेण्ड से चौक बाजार जाने वाला मार्ग सबसे ज्यादा अतिक्रमण की चपेट में है। यहां दुकानदारों ने लगभग 10 फिट तक कब्जे कर अपना सामान सड़क पर रख लिया है। कार्यवाही यहीं से शुरू की गई। बस स्टेण्ड से चौक बाजार तक तो यह कार्यवाही चलती रही। छुटपुट विरोध के बावजूद प्रशासन ने कई दुकानदारों के छज्जे तोड़े, बोर्ड हटवाए और अतिक्रमण न करने की सख्त चेतावनी दी लेकिन जैसे ही अतिक्रमण विरोधी दस्ता चौक बाजार पहुंचा तो यहां अतिक्रमण के रक्षक छुटभैये नेताओं ने नारेबाजी कर प्रशासन का विरोध शुरू कर दिया।

### पुलिस टीम को गालियां दीं, खदेड़कर भगा दिया

जब पुलिस और नगर पालिका की यह टीम चौक बाजार पर पहुंची तो यहां कई व्यापारियों ने अपने छज्जे टूटने का विरोध शुरू कर दिया। व्यापारी नेता गुड्डा जैन, संजय बरसैयां सहित कुछ अन्य स्थानीय नेताओं ने प्रशासनिक कार्यवाही का विरोध कर दिया। अतिक्रमणकारी व्यापारी भी इन नेताओं की आड़ में नारेबाजी करने लगे। पुलिस टीम को गालियां भी दी गईं। कुछ व्यापारियों ने तो यह तक कह दिया कि उक्त कार्यवाही से भाजपा को नुकसान होगा ताकि प्रशासन डर जाए। इस मुहिम को राजनैतिक रंग देकर दूषित करने की कोशिश की गई तो प्रशासन ने भी हाथ खींच लिए। काफी देर तक व्यापारियों का विरोध झेलने के बाद यह प्रशासनिक टीम चौक बाजार से बेरंग वापस लौट आयी।

### धारा 144 का उल्लंघन किया, तो हो सकती है एफआईआर -

अतिक्रमणविरोधी दस्ते के साथ व्यापारी नेताओं की आड़ में काफी दुर्व्यवहार किया गया। एक साथ कई व्यापारियों ने लोकसभा निर्वाचन के संबंध में लगी धारा 144 का उल्लंघन भी किया। पुलिस और प्रशासनिक टीमों को गालियां भी दी गईं, इतना ही नहीं अतिक्रमण हटाने पहुंची सरकारी टीम के कामकाज में भी रोड़े अटकाए गए। इस मामले की सूचना और विवाद व नोकझोंक के सभी वीडियो कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक तक पहुंच चुके हैं। इस मामले में कुछ लोगों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही भी हो सकती है।

### इनका कहना है -

पुलिस और प्रशासन के संयुक्त अभियान का विरोध किया गया है। यह अभियान शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए था। इससे शहर के लोगों को ही लाभ होगा। हम पूर्व में व्यापारियों को विभिन्न माध्यमों से सूचित भी कर चुके हैं, फिर भी व्यापारी अपना अतिक्रमण नहीं हटा रहे थे। इसलिए यह कार्यवाही शुरू की गई है। आगे भी यह कार्यवाही जारी रहेगी।

**वृहस्पति साकेत**
**यातायात प्रभारी, छतरपुर**

**खबर संक्षेप**

## देश प्रजातंत्र की जगह राजतंत्र की ओर अग्रसरः अधि.कुलदीप सिंह

**रीवा ।** चुनाव का विगुल बजते ही वर्षो वर्ष से जमीदोज नेता उभर कर सामने आते हैं एवं जनता जर्नादन की सेवा के झूठे व खोखले वायदे करने लगते हैं। लोकसभा चुनाव में रीवा 14 प्रत्याशी अपना भाग्य अजमा रहे हैं जिनमें तीन तो राष्ट्रीय दल है जबकि 11 लोग निर्दलीय एवं अन्य ऐसे दल से है जिनको कोई नहीं जानता है। अधिवक्ता कुलदीप सिंह सोमवंशी ने कहा कि राजनीति प्रजातंत्र का सेवा धर्म न होकर राजतंत्र का राज धर्म बन गया है, लोग आते है तो वात करते है कि हम जनता की सेवा करेगें लेकिन चुनाव जीतने के वाद वह अपनी सेवा करने लगते हैं न कि जनता कि यदि चुनाव जीतने के बाद चाहे विधायक हो या सांसद जनता जर्नादन की सेवा में लग जाय तो वास्तव में यह देश सोने की चिड़ियि बन जाय। अधिवक्ता कुलदीप सिंह ने कहा कि नेताओं की कथनी और करनी में अंतर होने की बजह से देश बेरोजगारी व आर्थिक पंगुता की ओर अग्रसर हुआ है यदि यही स्थिति बनी रही तो इस बात को नकारा नहीं जा सकता कि आगे आने वाले समय में भारत देश में भी अन्य देशों की भांति आर्थिक संकट की स्थिति निर्मित हो जायेगी।

## कार्यालय खोलने की अनुमति देंगे एसडीएम

**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में उम्मीदवारों तथा राजनैतिक दलों द्वारा स्थानीय स्तर पर चुनाव प्रचार के लिए कार्यालय स्थापित किए जाते हैं। कार्यालय स्थापित करने की अनुमति संबंधित क्षेत्र के एसडीएम प्रदान करेंगे। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि सभी उम्मीदवार और राजनीतिक दल सक्षम प्राधिकारी की अनुमति से चुनाव प्रचार के लिए कार्यालय स्थापित करें। जिला मुख्यालय रीवा में कार्यालय खोलने की अनुमति एसडीएम हुजूर देंगे।

## डाक मतपत्र से मतदान के लिए तैनात कर्मियों का प्रशिक्षण आज

**रीवा।** अनुपस्थित मतदाताओं को डाक मतपत्र के माध्यम से घर से मतदान की सुविधा दी जा रही है। इसमें 18 वर्ष से अधिक आयु के दिव्यांग तथा 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग मतदाता शामिल हैं। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि घर से मतदान की सुविधा देने के लिए तैनात दलों को 8 अप्रैल को दोपहर एक बजे से प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम में दिया जाएगा। इस प्रशिक्षण में माइक्रो आब्जर्वर के रूप में तैनात कर्मचारी, सुरक्षाकर्मी, वीडियोग्राफर एवं मतदान कराने वाले दल के सदस्य शामिल होंगे। प्रशिक्षण में सभी संबंधित सेक्टर आफीसर भी उपस्थित रहेंगे। प्रभारी अधिकारी प्रशिक्षण इन सभी के समुचित प्रशिक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

## नाम वापसी का आखिरी दिन आज - जारी होगी उम्मीदवारों की सूची

**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में संसदीय क्षेत्र 10 रीवा में नामांकन पत्र 8 अप्रैल को शाम 3 बजे तक वापस लिए जा सकते हैं। निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार नाम वापसी की समय सीमा पूरी होने के बाद उम्मीदवारों की सूची जारी की जाएगी। रिटर्निंग आफीसर द्वारा 8 अप्रैल को ही उम्मीदवारों को चुनाव प्रतीक आवंटित किए जाएंगे। रीवा संसदीय क्षेत्र में नामांकन पत्र भरने का क्रम 28 मार्च से शुरू हुआ। नामांकन पत्र 4 अप्रैल तक दाखिल किए गए। इस अवधि में 19 उम्मीदवारों द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किए गए। संवीक्षा के दौरान 14 उम्मीदवारों के नामांकन पत्र वैध पाए गए। विभिन्न कारणों से 5 नामांकन पत्र निरस्त किए गए। निर्वाचन आयोग द्वारा रीवा संसदीय क्षेत्र में मतदान के लिए 26 अप्रैल का दिन निर्धारित किया गया है।

# चार व्यापारियों के ठिकानों पर जीएसटी टीम ने मारा छापा

लोकसभा के चलते जीएसटी टीम सक्रिय रूप से शनिवार को जीएसटी की टीम एक साथ चार फर्मों में दबिश दी जिसमें शिवानी ट्रंक स्टोर, सुधीर स्पेयर, सुधीर इलेक्ट्रिकल और विशाल इंटीनियर शामिल हैं। इन दुकानों के 12 ठिकानों पर एक साथ दबिश दी गई। अलग अलग टीम बनाकर जीएसटी की टीम ने दोपहर 1 बजे अचानक दबिश दी।

रीवा



पूरा दिन भर खरीदी बिक्री से जुड़े रिकार्ड खंगाले गए। दुकान संचालकों के पास से पर्चे में की गई खरीदी बिक्री के भी सबूत मिले हैं। ट्रेडिंग एकाउंट की जानकारी टीम ने जुटा ली है। अब स्टॉक मिलान के बाद ही इनकी चोरियां पकड़ में आएगी। कार्रवाई बंद करने के दौरान दुकानों का सीज कर दिया गया है। द्वारिका नगर में शिवानी ट्रंक स्टोर के संचालक उमेश पीतवानी हैं। इनकी इसके अलावा दो और ब्रांच हैं। सिरमौर चौराहा में समदडिया गोल्ड और ढेकहा में दो ब्रांच संचालित हैं। इन तीनों जगहों पर टीम ने जांच पड़ताल की। शिवानी ट्रंक स्टोर के संचालक से सभी ट्रेडिंग की जानकारी ली गई है इसी तरह दूसरी कार्रवाई सुधीर इलेक्ट्रिकल्स संचालक उत्तम कृष्णानी के हुई इनके घरों पर भी जांच की गई तीसरी कार्रवाई जीएसटी ने सुधीर स्पेशयर्स के यहां घोघर में की इनके स्पेयर पार्ट की दुकान में जीएसटी की टीम ने दबिश दी। सुधीर स्पेयर्स के घर पर भी जीएसटी की टीम ने सर्चिंग की है जीएसटी की चौथी कार्रवाई अमहिया में सफारी होटल के पास ही संचालित विशाल इंटीनियर में की गई। यह भी फर्नीचर आदि की दुकान है। इसके संचालक विशाल मेघानी हैं। विशाल मेघानी पहले शिवानी ट्रंक स्टोर में ही काम करते थे। बाद में उन्होंने हटकर खुद का बिजनेस शुरू कर दिया।

## पुलिस ने चेकपोस्ट पर चेकिंग के दौरान दो पहिया वाहन से पकड़ी 88000 रू की चांदी

**रीवा ।** जिले के चोरहटा थाना अंतर्गत उमरी चेकपोस्ट पर पुलिस ने चेकिंग के दौरान दो पहिया वाहन चालक से पकड़ी 88000 रू कि चांदी कि ज्वेलरी जानकारी के मुताबिक लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से कराने के लिए पुलिस जिले के अंतर जिला चेक पोस्ट पर सघन चेकिंग अभियान चला रही है जिसके तारतम्य में आज चोरहट्टा पुलिस ने रविन्द्र सोनी पिता सुकरन सोनी निवासी लालपुर अमरपाटन तहसील अमरपाटन जिला सतना मध्य प्रदेश मोटरसाइकिल एमपी 53 जेड सी 0148 से रीवा से लेकर अमरपाटन जा रहा था कि चोरहटा थाना अंतर्गत उमरी चेकपोस्ट पर पुलिस ने वाहन चेक करने के लिए गाड़ी रुकवाया तो चेकिंग के दौरान चोरहटा पुलिस को रविन्द्र सोनी पिता सुकरन सोनी के दो पहिया वाहन पर रखे बैग से 88000 रूपये कीमत कि चांदी कि ज्वेलरी बरामद हुआ जिसे चोरहटा पुलिस ने ज्वेलरी को जप्त कर निर्वाचन आयोग में भेज दिया। पुलिस द्वारा हर आने जाने वाली गाड़ी की जांच पड़ताल निरंतर कि जा रही है, बिना जांच के किसी भी गाड़ी को जिले के अंदर प्रवेश नही दिया जा रहा है।



# सिंधु भवन में आयोजित हुआ सामूहिक जनेऊ संस्कार





रीवा

शाखा एवं श्री झूलेलाल सेवा मंडल रीवा के तत्वाधान में श्री झूलेलाल जयंती के उपलक्ष में सामूहिक जनेऊ संस्कार का भव्य आयोजन किया गया जिसमें सिंधु समाज रीवा के 16 बटुकों का का उपनयन संस्कार संपन्न हुआ, जनेऊ संस्कार का कार्यक्रम रीवा सिंधु समाज के ब्राह्मण समाज स्वामी देव दत्त शर्मा धर्मदास शर्मा एवं श्रीमती कोमल शर्मा द्वारा संपन्न कराया गया इस शुभ अवसर पर सचखंड धाम के श्री महंत स्वामी कमल दास जी द्वारा भजन कीर्तन का मधुर कार्यक्रम का आयोजन हुआ कार्यक्रम के उपरांत सामूहिक भंडारा प्रसाद का आयोजन भी किया गया जिसमें रीवा सिंधु समाज के प्रबुद्ध नागरिकों द्वारा भोजन प्रसाद ग्रहण किया गया पूज्य सिंधी सेंट्रल पंचायत रीवा द्वारा सामूहिक जनेऊ संस्कार के बच्चों को उपहार देकर उनका सम्मान किया गया उक्त शुभ अवसर पर पूज्य सिंधी सेंट्रल पंचायत के अध्यक्ष श्री प्रहलाद सिंह , संतूलाल आहूजा,हुकुमतराय, घनश्याम दास काकवानी,चंदीराम केसवानी लद्धा राम थारवानी राजकुमार टिलवानी महेश ठारवानी, कमलेश सचदेव खेमचंद लालवानी विनोद पुरुषवाणी नरेश काली, प्रकाश तारानी,मदन चुंगवानी, पप्पू मंजानी, शेखर सचदेव मनोहर कटारिया,अमृत दौलतानी, अमित डिगवानी, लक्ष्मण शिवनानी, सतीश सुंदरानी, पप्पन पंजवानी, अजय माधवानी, कन्हैया मंगलानी, दिलीप आसनानी, अमित ठारवानी महेश आसनानी, किशोर ठारवानी, राम नारवानी,सुमित रामचंदानी, गुलाब नागपाल,बंटू रामचंदानी, प्रकाश डुडानी आदि नागरिक उपस्थित थे

## बटन दबाते ही हो जाएगा मतदान

**रीवा।** लोकसभा चुनाव 2024 में इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन से मतदान कराया जाएगा। इस संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि मतदान के लिए इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनें तैयार कर ली गई हैं। निर्वाचन आयोग के इंजीनियरों के परीक्षण तथा राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में रेण्डमाइजेशन करने के बाद प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए मशीनें निर्धारित कर दी गई हैं। इनके माध्यम से आगामी 26 अप्रैल को मतदान कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि मतदान केन्द्र में प्रवेश करने के बाद मतदाता की पहचान सुनिश्चित की जाएगी। इसके बाद उसके बांयें हाथ की तर्जनी में अमिट स्याही लगाई जाएगी। मतदाता से प्रपत्र 17क में हस्ताक्षर कराने के बाद उसे मतदान का अवसर दिया जाएगा। मतदाता गोपनीय कक्ष में जाकर अपनी पसंद के उम्मीदवार के नाम तथा चुनाव चिन्ह के समक्ष का बटन दबाएंगे। बटन दबाते ही उनका मत अंकित हो जाएगा। व्हीव्हीपैट मशीन में 7 सेकण्ड तक मतदाता पुष्टिकरण पर्ची देख सकते हैं। इसके बाद पर्ची बाक्स में चली जाएगी। यदि मतदाता किसी भी उम्मीदवार के पक्ष में मतदान नहीं करना चाहता है तो सबसे अंत में उपरोक्त में से कोई नहीं नोटा का भी बटन वोटिंग मशीन में रहेगा।

## मतदाता की पहचान के लिए 12 फोटोयुक्त पहचान पत्र मान्य

**रीवा !** रीवा तथा मऊगंज जिले के सभी आठ विधानसभा क्षेत्रों के 2014 मतदान केन्द्रों में लोकसभा चुनाव के लिए 26 अप्रैल को मतदान कराया जाएगा। मतदाता की पहचान सुनिश्चित होने के बाद ही उसे मतदान का अवसर मिलेगा। मतदाता सूची में नाम शामिल होने पर मतदाता अपने मतदाता पहचान पत्र से मतदान का अवसर प्राप्त कर सकेंगे। मतदाता पहचान पत्र के अलावा निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता की पहचान सुनिश्चित करने के लिए 12 फोटोयुक्त पहचान पत्रों को मान्यता दी गई है। इनमें से किसी एक का उपयोग करके मतदाता की पहचान सुनिश्चित हो जाएगी। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान दस्तावेजों में आधार कार्ड, मनरेगा जाब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटो सहित पेंशन दस्तावेज, केंद्र अथवा राज्य सरकार तथा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों द्वारा कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र को मान्य किया गया है। इसके साथ-साथ बैंक और डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर के तहत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सांसदों तथा विधायकों को जारी किए गए आधिकारिक पहचान पत्र और भारत सरकार के सामाजिक न्याय मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को जारी यूनिक दिव्यांगता आईडी शामिल है ।

## अनुपस्थित मतदाताओं का मतदान 14 से 22 अप्रैल तक

**रीवा !** निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार अनुपस्थित मतदाताओं को घर से मतदान की सुविधा दी गई है। प्रत्येक मतदान केन्द्र में बीएलओ द्वारा दिव्यांग तथा 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग मतदाताओं की सूची तैयार कर इसमें घर से मतदान करने के इच्छुक मतदाताओं के फार्म 12 डी में आवेदन भरवाए गए हैं। इन मतदाताओं को 14 अप्रैल से 22 अप्रैल के मध्य घर से मतदान की सुविधा दी जाएगी। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि घर से मतदान कराने के लिए दल गठित कर दिए गए हैं। इनका रूट चार्ट तैयार कर लिया गया है। मतदान दल में शामिल कर्मचारियों, वीडियोग्राफर तथा सुरक्षा कर्मियों को 8 अप्रैल को प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रथम चरण में दल निर्धारित रूट में 14 अप्रैल से 19 अप्रैल तक घर-घर जाकर दिव्यांग तथा बुजुर्ग मतदाताओं से मतदान कराएंगे। मतदान प्रक्रिया की वीडियोग्राफी की जाएगी। मतदान कराते समय गोपनीयता का पूरा ध्यान रखा जाएगा। सूची में शामिल अनुपस्थित मतदाता दल के भ्रमण के समय किसी कारणवश घर से अनुपस्थित रहता है तो मतदान दल पुनः 20 अप्रैल से 22 अप्रैल के मध्य उनके घर जाएगा। मतदान के बाद मतदान दल उसी दिन डाक मतपत्र सहायक रिटर्निंग आफीसर के पास जमा करेंगे।

# उप मुख्यमंत्री के हाथों हजारों लोगों ने भाजपा की ली सदस्यता

रीवा।



मध्य प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल के हाथो रविवार को हजारों लोगो ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की वही रीवा के जानें माने चिकित्सक राकेश पटेल की पत्नि इंजीनियर कल्पना पटेल अपने हजारों समर्थकों के साथ भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए इस दौरान कल्पना पटेल ने कहा की भारतीय जनता पार्टी की रीति नीति से प्रभावित होकर भाजपा में शामिल हुए है इस दौरान डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल ने कहा की आज हजारों लोग समाज सेवी कल्पना पटेल के साथ भाजपा में शामिल हुए जिनका उद्देश्य मोदी के हाथो को मजबूत करना है जिससे वो अपने लक्ष्य तक पहुंच सके।

### मासांत तक समक्ष में प्रस्तुत होकर जवाब देने दिए निर्देश

# घरेलू गैस के व्यवसायिक उपयोग पर चार प्रतिष्ठानों को थमाया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

घरेलू गैस सिलेण्डरों का व्यावसायिक उपयोग कर द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (प्रदाय और वितरण विनियमयन) और आवश्यक वस्तु अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन पाए जाने पर कलेक्टर अवि प्रसाद ने जिले के चार प्रतिष्ठानों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। न्यायालय कलेक्टर द्वारा जारी नोटिस का जवाब चारों प्रतिष्ठानों को 30 अप्रैल को समक्ष में उपस्थित होकर देने के निर्देश दिए गए है।

### इन्हे मिला नोटिस

कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा जिन चार संस्थानों को नोटिस जारी किया गया है। उनमें आशीष सहजवानी पिता मोहनदास सहजवानी प्रोपराईटर 7 इलेवन रेस्टोरेंट एम.ई.एस कॉलोनी माधवनगर, उमेश रतनानी पिता जे.डी रतनानी प्रोपराईटर वैभव बेकर्स एण्ड आईसक्रीम एम.ई.एस कॉलोनी माधवनगर तथा विजय पाण्डेय पिता शिवप्रसाद पाण्डेय प्रोपराईटर स्टार द ढाबा, बडे हनुमान जी के मंदिर के पास पडुआ मोड कटनी एवं विशाल बहेलिया पिता वीरेन्द्र कुमार बहेलिया प्रोपराइटर बिरयानी स्टेशन एम.ई.एस कालौनी माधवनगर शामिल है।

खाद्य विभाग के संयुक्त जांच दल द्वारा विगत 12 फरवरी को 07 इलेवल रेस्टोरेंट की जांच के दौरान घरेलू प्रवर्ग के एल.पी.जी गैस सिलेण्डर क्षमता 14.2 किलोग्राम का उपयोग कर उपभोक्ताओं को विक्रय करने के लिये खाद्य सामग्री तैयार करते पाये जाने का प्रतिवेदन दिया गया। यहां से जब एक सिलेण्डर एक सिलेण्डर प्रबंधक एच.पी गैस एजेंसी को दिया गया। जबकि भट्टी 7 इलेवन के मालिक आशीष सहजवानी की सुपुर्दगी में सोपा गया। एक अन्य प्रकरण में जांच दल द्वारा जांच के दौरान वैभव बेकर्स एण्ड ऑइसक्रीम द्वारा एल.पी.जी गैस सिलेण्डर क्षमता 14.2 किलोग्राम का उपयोग कर उपभोक्ताओं को विक्रय करने के लिये बेकरी आईटम एवं मैगी तैयार करते पाये जाने पर एच.पी कंपनी का 1 सिलेण्डर एवं 1 नग भट्टी जप्त कर जप्त किया जाकर सुविधा एवं सुरक्षा की दृष्टि से एच.पी.कंपनी का 1 सिलेण्डर राजेश मिश्रा प्रबंधक कटनी एच.पी.गैस एजेंसी कटनी को तथा भट्टी 01 नग आशीष सहजवानी मालिक 7 इलेवन रेस्टॉरेंट को सुपुर्दगी में दिया जाने का प्रतिवेदन दिया है।

जबकि खाद्य विभाग के संयुक्त जांच दल द्वारा 01 मार्च को स्टार द ढावा की जांच के दौरान प्रतिष्ठान में बी.पी.सी.एल कंपनी के घरेलू प्रवर्ग के 2 सिलेण्डर का उपयोग उपभोक्ताओं को विक्रय करने हेतु खाद्य सामग्री भोजन निर्मित करना पाये जाने पर 02 गैस सिलेण्डर एवं भट्टी को जप्त किया जाकर सुविधा एवं सुरक्षा की दृष्टि से राजेश मिश्रा प्रबंधक कटनी एच.पी.गैस एजेंसी कटनी को सुपर्द करने का प्रतिवेदन दिया गया। इसी प्रकारण बिरयानी स्टेशन प्रतिष्ठान की जांच के दौरान घरलू प्रवर्ग के एल.पी.जी गैस सिलेण्डर का उपयोग खाद्य समग्री तैयार करने मे पाये जाने पर 1 सिलेण्डर राजेश मिश्रा प्रबंधक कटनी एच.पी.गैस एजेंसी कटनी को तथा भट्टी 01 नग भट्टी विशाल बहेलिया को सुपुर्द की गई।

### इन नियमों का उल्लंघन

द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस प्रदाय और वितरण विनियमन आदेश 2000 की कंडिका 3 द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस के अप्राधिकृत कब्जे प्रदाय और उपभोग पर निर्बंधन की उप कंडिका (1) (ग) में विहित है कि ऐसे प्रयोजन से जिसके लिये उपभोक्ता सरकारी तेल कम्पनी के वितरक के पास रजिसट्रिकृत है उससे भिन्न किसी प्रयोजन के लिए द्रवीकृत पेट्रोलियम का उपयोग नहीं करेगा। जबकि इन चारों प्रतिष्ठानों और संस्थानों के जांच प्रतिवेदनों मेघरेलू गैस सिलेण्डर का उपयोग किया जाना प्रथम द्रष्टया दृवीकृत पेट्रोलियम गैस प्रदाय और वितरण विनियमन आदेश 2000 की कंडिका 3 (1) (ग) का स्पष्ट उल्लंघन करना पाया गया। जो आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3/7 के तहत दण्डनीय है।

## मेंहदी एवं रंगोली के माध्यम से मतदान के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासकीय महाविद्यालय बरही मे संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा स्वीप अभियान के तहत प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी के मार्गदर्शन, कार्यक्रम अधिकारी एवं स्वीप प्रभारी डॉ. अरविंद सिंह के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

जिसके अंतर्गत शनिवार को मेंहदी तथा रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों द्वारा सहभागिता करते हुए छात्राओ द्वारा प्रेरणादायी आकर्षक मेंहदी एवं रंगोली के माध्यम से भी शत-प्रतिशत मतदान के लिए वोटरों को प्रेरित किया जा रहा है। कार्यक्रम के समापन पर स्वीप प्रभारी डॉ. अरविंद सिंह ने बताया कि मतदान प्रत्येक व्यस्क नागरिक का मौलिक अधिकार होता है। मतदान से वह देश की प्रगति और विकास में अपना योगदान दे सकता है। मतदान में हमारे देश के युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, क्योंकि प्रत्येक वर्ष हमारे देश में लाखों युवाओं का मतदाता सूची में नाम जोड़ा जाता है। साथ ही मतदान प्रक्रिया से संबंधित कई आवश्यक जानकारियां भी बताई एवं आगामी लोकसभा चुनाव मतदान दिवस 26 अप्रैल 2024 को विद्यार्थियों से स्वयं मतदान करने तथा अन्य लोगों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करने की अपील की गई। जिससे कि शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके।

कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो आरके त्रिपाठी, स्वीप प्रभारी डॉ अरविन्द सिंह, डॉ एस एस धुर्वे, प्रियंका तोमर, डॉ. रश्मि त्रिपाठी, डॉ. आर. जी. सिंह आदि की उपस्थिति रही।